दिनांक 7 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भीषण गर्मी/लू से राहत दिलाने निगम के मुख्य द्वार पर लगा शीतल प्याऊ

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने भीषण गर्मी/लू से बचाव के लिए निगम मुख्यालय में आने वाले आगंतुकों के लिए मुख्य द्वार पर ही मटकी में पानी पीने की व्यवस्था की है तथा आज से शीतल प्याऊ भी लोगों को गर्मी से राहत देने लगेगा!

रविंद्र कुमार ब्रिज एवं योगेश कुमार ब्रिज निवासी सुंदरनगर भिलाई ने आयुक्त महोदय को आवेदन देकर निगम मुख्य कार्यालय में अपने माता-पिता की स्मृति में स्वेच्छा से आम जनता को ठंडा पानी पिलाने के लिए वाटर कूलर लगाने की इच्छा जाहिर की थी तथा यह भी उल्लेख किया था कि वाटर कूलर लगाने के बाद उस जगह पर एवं अन्य किसी चीज के लिए किसी प्रकार की वैधानिक दावेदारी मेरे द्वारा नहीं की जावेगी जिस पर आयुक्त श्री सुंदरानी द्वारा शीतल प्याऊ के लिए स्थान , पानी की सप्लाई एवं विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भवन संधारण के अधिकारियों को दिए थे! आज दिन मंगलवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रतिदिन होने वाले राष्ट्रगान के पश्चात अधीक्षण अभियंता आर.के. साहू , सत्येंद्र सिंह, उपायुक्त अशोक द्विवेदी के द्वारा पानी के महत्व को समझाते हुए शीतल प्याऊ स्थापित किए गए स्थल पर पहुंचकर व स्वयं शीतल पानी पीकर आम लोगों के लिए चालू कर दिया !

यह ऐसे स्थल पर लगाया गया है जहां से प्रतिदिन सैकड़ों , हजारों लोग गुजरते हैं तथा पानी की बर्बादी ना हो इसलिए उद्यान के भीतर स्थापित किया गया है ताकि बचा हुआ पानी पौधों को मिल जाए साथ ही ऊपर शेडिंग बनाया गया है जोकि छाया प्रदान करेगा!

सर्वप्रथम निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने शीतल पेय पीकर कर वाटर कूलर का आनंद लिया व किए गए कार्य की सराहना की!

इस दौरान स्वास्थ्य प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा , निगम सचिव जीवन वर्मा जावेद अली , अजय शुक्ला, शरद दुबे सहित निगम के तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!

मेरा वोट
भिलाई
कृपया कचरे को कूडेदान में ही डालें।